कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री दिलीप सिनसिनवार शॉप नम्बर 6, शॉपिग सेन्टर, फलोरेसेन्ट स्कूल के पास सेक्टर 26, प्रताप नगर जयपुर।

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 43/2019

निर्णय दिनांक : 01.10.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी,(अति0जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, (अति0जिला कलेक्टर) दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/आरटीआई/2019/2202 दिनांक 18.09.2019 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, (अति0जिला कलेक्टर) दौसा से प्राप्त पत्रांक आरटीआई/2019/809 दिनांक 23.09.2019 मे अंकितानुसार प्रभारी अधिकारी (भू0अ0) कलेक्ट्रेट दौसा द्वारा उनके पत्रांक 10648 दिनांक 20.08.19 द्वारा आवेदक को सूचना दिया जाना व्यक्त करते हुए अपील निरस्त करने का निवेदन किया गया है। अतः लोक सूचना अधिकारी (अति0जिला कलेक्टर) दौसा द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसकी प्रति आवेदक को भी पृष्ठांकित की गई है एवं प्रभारी अधिकारी (भू0अ0) कलेक्ट्रेट के पत्रांक 10648 दिनांक 20.08.19 की छायाप्रति भी संलग्न भिजवाई गई है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि अपीलांट को कार्यालय मे संधारित वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अन्य संबंधित सूचना संबंधित तहसीलों से नियमानुसार प्राप्त करने हेतु अपीलांट को अवगत करवा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुवेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official